/font>

Title: Need to improve telephone services in Nainital district, Uttaranchal- Laid.

श्री महेन्द्र सिंह पाल (नैनीताल): अध्यक्ष महोदय, जब से दूरसंचार निगम की स्थापना भारत सरकार द्वारा की गयी है, संचार निगम का कार्य संतोाजनक नहीं रहा है। विशो रूप से जनप्रतिनिधियों द्वारा बार बार कार्य के प्रति जागरूकता तथा उचित व न्यायसंगत कार्य करने हेतु लिखा जाता है, वे नहीं करते हैं। यहां तक कि माननीय सांसदों को केन्द्र सरकार द्वारा निहित किये गये बेसिक टेलीफोन का कोटा भी लिखने के बावजूद आपतियों सहित सांसदों को वापस कर दिया जाता है, ि वशो रूप से उत्तरांचल के परिपेक्ष्य में मुझे यह कहना है कि पूरी उत्तरांचल में बुनियादी टेलीफोन व्यवस्था चरमराई हुयी है, खराब है तथा संबंधित अधिकारियों को बार बार सूचित किये जाने के बावजूद भी कार्य में सुधार नहीं हो रहा है। मैंने व्यक्तिगत रूप से संबंधित अधिकारियों को फोन द्वारा ओखलकांडा ब्लाक, धारी ब्लाक, बेतालघाट ब्लाक भीमताल (बागड़) जिला नैनीताल की फोन व्यवस्था ठीक करने के संबंध में सूचना दी, परन्तु अभी तक संबंधित अधिकारियों ने कोई कारगर कदम नहीं उठाये हैं। अतः सरकार से मांग है कि जनहित में कार्य ठीक करने तथा संबंधित अधिकारियों को यथोचित तथा तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश देने का कट करें।